जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज।

जिला सूचनाधिकारी,
महराजगंज।

सूचना

माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक–3487/एसएलएसए–218ए/97 (ऋ/हैदर) दिनांक–21 सितम्बर, 2022 के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय, महराजगंज में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज के आदेशानुसार पराविधिक स्वयं सेवकों की 03 रिक्त पदों पर भर्ती की जानी है। चयन प्रक्रिया के तहत पराविधिक स्वयं सेवकों तहसील विधिक सेवा समितियों, ए0डी0आर0 भवन, विधिक सेवा क्लीनिक, पुलिस थानों, जिला कारागार, महराजगंज, किशोर न्याय बोर्ड, महराजगंज आदि में अपनी सेवायें प्रदान किये जाने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन हेतु आवेदन पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज से प्राप्त किये हुये ही मान्य होंगे। आवेदन पत्र दिनांक–29.02.2024 को सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे तथा नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा। पराविधिक स्वयं सेवकों का चयन नियमानुसार एक वर्ष के लिये किया जायेगा, जो कि आगे इनकी कार्य कुशलता के आधार पर कार्यकाल बढाया जा सकता है। चयनित पराविधिक स्वयं सेवक हेतु कोई निर्धारित वेतन देय नही है। माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा पराविधिक स्वयं सेवक को केवल निर्धारित मानदेय ही देय होगा।

इच्छुक अभ्यर्थी निम्नांकित अभिलेख सहित आवेदन कर सकते हैं, जो निम्नवत हैः–

1– अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता।

2– अभ्यर्थी अपने पत्र के साथ आधार कार्ड की प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करें।

3– सेवानिवृत्त शिक्षक, शासकीय सेवा से निवृत्त एवं वरिष्ठ नागरिक, एम0एस0डब्ल्यू0 विद्यार्थी एवं शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, चिकित्सक, विधि विद्यार्थी एवं एन0जी0ओ0 के सदस्यों आदि का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– केन्द्रीय नाजिर दीवानी न्यायालय को विज्ञप्ति को दीवानी कचहरी के सूचनापट् पर चस्पा करने हेतु।

2– केन्द्रीय नाजिर कलेक्ट्रेट को विज्ञप्ति को कलेक्ट्रेट परिसर के सूचनापट् पर चस्पा करने हेतु।

3– समस्त तहसीलों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

4– जनसामान्य की सूचना हेतु समस्त दैनिक समाचार पत्र को निःशुल्क प्रकाशन करने हेतु प्रेषित।

5– जनपद न्यायालय, महराजगंज की वेबसाइट पर विज्ञप्ति को दर्शित करने हेतु सिस्टम आफीसर जनपद न्यायालय, महराजगंज।

14/2/24

(कमलेश्वर पाण्डेय)
अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
महराजगंज।

अपर जिला जज/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जनपद न्यायालय परिसर, महराजगंज

आवेदन–पत्र का प्रारूप

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज

पराविधिक स्वयं सेवक (PLVs) हेतु आवेदन–पत्र

नवीन फोटो
स्व0 प्रमाणित

1–नाम–..

2–पिता / पति का नाम–..

3–पूर्ण पता–...

....

4–दूरभाष संख्या–..

5–शैक्षिक योग्यता–..

(स्वप्रमाणित प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाय)

6–अन्य अनुभव यदि कोई हो–..

घोषणा पत्र

उपरोक्त सभी प्रविष्टियॉ मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है, कोई भी तथ्य छिपाया नही गया है और न ही मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक वाद मामला थाने एवं न्यायालय में पंजीकृत है। उपरोक्त सभी जानकारियॉ सत्य व सही है।

पराविधिक स्वयं सेवक हेतु कोई निर्धारित वेतन नही होगा। माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा पराविधिक स्वयं सेवक को केवल निर्धारित मानदेय ही देय होगा।

दिनांक–

आवेदक के हस्ताक्षर